एक नजर में

अभिव्यक्ति स्थल पर हर रविवार सजेगा जैविक हाट बाजार

मंदसौर। जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को उनकी उपज के लिए उचित विपणन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अभिव्यक्ति स्थल, महाराणा प्रताप बस स्टैंड के पास, मंदसौर में जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है ।उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग श्री रविंद्र मोदी ने बताया कि यह जैविक हाट बाजार प्रत्येक रविवार, प्रात: 11.00 बजे से नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। इस हाट बाजार में मंदसौर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषक समूह तथा स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय कर सकेंगे ।उन्होंने बताया कि प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री हेतु यह एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं रसायन मुक्त उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध होंगे। जिले के समस्त जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों, उत्पादक समूहों तथा क्रेता-विक्रेताओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जैविक हाट बाजार में सहभागिता करें।

आज लायंस के प्रेसिडेंट-सेक्रेटरी मीट- राजस्थान और मध्यप्रदेश के लायन लीडर्स बनाएंगे सेवा का नया रोडमैप

मंदसौर। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-2 के तत्वावधान में दो दिवसीय के तहत आज 22 जनवरी को 'तृतीय डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट मीटिंग' एवं 'प्रेसिडेंट-सेक्रेटरी मीट' का भव्य आयोजन मधुर मिलन रिसॉर्ट दलौदा में होने जा रहा है।'खुशियों की बौछार' थीम पर आधारित इस गरिमामय कार्यक्रम की मेजबानी लायंस क्लब मंदसौर द्वारा की जा रही है। आयोजन के मुख्य अतिथि मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन मनीष शाह होंगे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जीएटी वाइस एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल शिरकत करेंगे। मेजबान क्लब के अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार, सचिव लायन डॉ. विक्रांत भावसार और संयोजक लायन डॉ. प्रदीप चेलावत ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रामकिशोर गर्ग, कैबिनेट सचिव लायन अशोक जैन और कोषाध्यक्ष लायन जे.के. जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस सम्मेलन में राजस्थान और मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में लायन पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में आज 23 रविवार को मुख्य सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट की दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस दौरान विभिन्न क्लबों के अध्यक्षों, सचिवों और पदाधिकारियों का संवाद एवं सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और यह सम्मेलन सेवा एवं भ्रातृत्व के नए संकल्पों के साथ संपन्न होगा।

नि:शुल्क जलनेति-रबरनेति क्रिया शिविर का आयोजन 23 फरवरी को योग भवन में

मंदसौर। दशपुर योग शिक्षा संस्थान मंदसौर द्वारा नूतन स्टेडियम परिसर स्थित योग भवन पर नि:शुल्क सामूहिक जलनेति-रबर नेति क्रिया शिविर का आयोजन 23 फरवरी, सोमवार की प्रात: 7 से 8 बजे तक किया जाएगा। शिविर में योग गुरू श्री सुरेन्द्र जैन द्वारा जल नेती, रबर नेती व कुंजल क्रिया सिखाई जाएगी तथा इसके लाभ बताये जायेंगे ।योग संस्था सचिव लोकेन्द्र जैन ने बताया कि इस शिविर का लाभ लेने के इच्छूक अपने साथ नेपकिन, जलनेति का लोटा (अगर उपलब्ध हो) साथ लेकर आये। संस्थान के ओम अग्रवाल, जिनेन्द्र उकावत, प्रीति जैन, बीना गर्ग, जितेश फरक्या, विजय पलोड़, प्रेमेन्द चौरड़िया, कृष्णा पाटीदार, ललित जैन, राजकुमार अग्रवाल, दिनेश पारिख, कैलाश रिछावरा, शोकिन धाकड़, अनिल कोठारी, सुभाष पाटीदार, धरमदास संगतानी, सुमन रावल, लवली टूटेजा, महेश सेठिया, आनंद कश्यप, शांकी कश्यप, सुरेश पारिख, साधना जैन, हंसा पारिख, नीलम जैसवानी, प्रदीप जैन, आनंद करन, ज्योति चौरड़िया, कमला मौर्य आदि ने सभी से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला समिति गठित, बब्बन युसुफ गौरी सभापति मनोनीत

मंदसौर। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेमकुमार सुमन ने बताया कि नपा परिषद मंदसौर के द्वारा आगामी समय में आयोजित होने वाले 49वें राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला 2026 के आयोजन हेतु नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा मेला समिति का गठन किया गया है। वार्ड क्र.30 खानपुरा नीलगर मोहल्ला की पार्षद श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी को मेला समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। समिति के सदस्य के रूप में पार्षदगण आशीष गौड़ एड., श्रीमती खेरून बी, शेहजाद पटेल, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय व श्रीमती रफत पयामी को मनोनीत किया गया है। समिति के मेला के भव्य आयोजन हेतु कार्य करेगी। तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला दिनांक 28 फरवरी व 1 व 2 मार्च को आयोजित होगा। जिसमें दिनांक 28 फरवरी को सुफियाना कव्वाली, दिनांक 1 मार्च को अखिल भारतीय मुशायरा/कवि सम्मेलन एवं 2 मार्च को महफिले कव्वाली का आयोजन हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल हजरत नाहर सैय्यद की दरगाह एवं मेला ग्राउण्ड पर होगा। मेला समिति अतिशीघ्र मेला स्थल का निरीक्षण कर मेला की गतिविधियों को आगे बढ़ायेगी। नवमनोनीत मेला समिति सभापति श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी ने मेला सभापति पद पर मनोनीत होने पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दो शोक संतप्त परिवारों ने किया नेत्रदान कर पेश की मानवता की मिसाल

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से दो परिवारों ने मानवता की मिसालें पेश की गई। शोक की घड़ी में भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दो प्रतिष्ठित परिवारों ने अपने दिवंगत परिजनों के नेत्रदान कर दूसरों के जीवन में उजियारा फैलाने का संकल्प लिया।क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार एवं सचिव विक्रांत भावसार ने बताया कि स्व. मानकलाल जी शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई शर्मा के देवलोकगमन होने पर उनके परिजनों ने लायंस क्लब के माध्यम से नेत्रदान का निर्णय लिया। इस पुनीत कार्य में समाजसेवी सुनील बंसल का विशेष सहयोग रहा। वहीं दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री ऋषभ कुमार कोठारी के निधन पर उनके पुत्र भरत एवं बाहूबली कोठारी परिवार ने उनकी स्मृति में नेत्रदान कराया। जैन समाज और लायंस क्लब के सदस्यों ने इस निर्णय की सराहना की। दोनों ही मामलों में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित करने की प्रक्रिया संपन्न की। लायंस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव डॉ. विक्रांत भावसार, और प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निर्विकार रातडिया, डॉ. अशोक सोलंकी, सकल जैन समाज अध्यक्ष जय कुमार बड़जात्या एवं सुनील बंसल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने परिजनों के इस साहसिक और प्रेरक निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया।

दशपुर रंगमंच ने गीतों के माध्यम से दी अभिनेत्री नूतन एवं अभिनेता ओमप्रकाश को भावांजलि

मन्दसौर। स्थानीय दशपुर रंगमंच द्वारा फिल्म जगत की ख्यातनाम अभिनेत्री नूतन एवं सुप्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ओमप्रकाश की पुण्यतिथि पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के कलाकारों ने दोनों दिग्गज कलाकारों के फिल्मों में गाए गए सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देकर उन्हें भावभीनी यादों में पिरोया। कार्यक्रम के दौरान गायन की कड़ियों को जोड़ते हुए सतीश सोनी ने 'दुनिया में है तेरा बड़ा नाम' गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी, वहीं आबिद शाह ने 'ये दुनिया नहीं जागीर किसी की' गाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में अभय मेहता ने 'छोड़ दे सारी दुनिया किसी के लिये' गीत के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभय मेहता ने दोनों कलाकारों के फिल्मी सफर पर प्रकाश डाला।

एआई के युग में मानवीय मूल्यों पर मंथन

दिल्ली में जुटेगा विश्व भर के शिक्षाविदों का महाकुंभ

मंदसौर। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा, जिला सचिव भरत पोपंडिया और जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर ने बताया कि तकनीकी क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के वर्तमान दौर में मानवीय संवेदनाओं एवं नैतिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से देश की राजधानी में एक विशाल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम), शैक्षिक फाउंडेशन तथा दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के संयुक्त तत्वावधान में 22 एवं 23 फरवरी 2026 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह संगोष्ठी नई दिल्ली के जनपथ स्थित प्रतिष्ठित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (डीएआईसी) में संपन्न होगी। सम्मेलन का मुख्य विषय 'डिजिटल समाज और मानवीय मूल्य- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता' निर्धारित किया गया है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों से 800 से अधिक शिक्षाविद्, वैज्ञानिक एवं नीति-निर्धारक सहभागिता करेंगे। सम्मेलन की विशेषता यह होगी कि इसमें एआई और समाज के अंतर्संबंधों पर आधारित सैकड़ों शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

प्रदेश के महामंत्री राकेश गुप्ता के अनुसार सम्मेलन के दोनों दिवस विभिन्न विषयगत सत्रों के माध्यम से तकनीक और मानवता के समन्वय पर व्यापक मंथन किया जाएगा। इन सत्रों में विशेष रूप से डीपफेक, डिजिटल नैतिकता तथा भविष्य की शिक्षा व्यवस्था में मानवीय मूल्यों के समावेश जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी ने जानकारी दी कि 22 फरवरी को आयोजित उद्घाटन सत्र में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद (वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, एबीआरएसएम महासचिव प्रो. गीता भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तथा दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के प्राचार्य प्रो. हेमचंद जैन सहित शिक्षा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां अपने विचार व्यक्त करेंगी।संभागीय अध्यक्ष श्री शंकरलाल आंजना ने बताया गया है कि यह सम्मेलन डिजिटल युग में तकनीक और मानवता के मध्य संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त वैश्विक रोडमैप प्रस्तुत करेगा तथा शिक्षा, नीति एवं सामाजिक संरचना के लिए नई दिशा निर्धारित करेगा।

एआई इम्पैक्ट समिट मामले पर भाजयुमो का प्रदर्शन, कांग्रेस-राहुल गांधी का पुतला दहन

मंदसौर। दिल्ली में आयोजित 'ए.आई. इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मंदसौर में आक्रोश रैली निकालकर पुतला दहन किया गया। रैली जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय तक पहुंची, जहां कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर, जहां अनेक देशों के प्रतिनिधि और प्रमुख कंपनियों के सीईओ उपस्थित थे, वहां इस प्रकार का प्रदर्शन देश की छवि को धूमिल करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नकारात्मक राजनीति के माध्यम से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का कार्य कर रही है।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एआई और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में कांग्रेस द्वारा किया गया यह कृत्य देश विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी से देश की जनता से माफी मांगने की मांग की।

कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, जिला पदाधिकारी जीवन शर्मा, विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, सुनील जैन, कोषाध्यक्ष प्रितेश चावला, जिला मंत्री पुलकित पटवा, रानू भावसार सहित बड़ी संख्या में रतलाम, मंदसौर एवं नीमच के भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से इस घटना के लिए देश की जनता से माफी मांगने की मांग करते हुए भविष्य में इस प्रकार की राजनीति से दूर रहने का आह्वान किया।

मसाला उद्योग पहुंचे छात्र, निर्माण और पैकेजिंग की बारीकियां सीखी

मंदसौर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड मंदसौर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) की अतिरिक्त कक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शहर स्थित नीलम मसाला उद्योग का दौरा कर मसाला निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया को करीब से समझा और उससे जुड़ी तकनीकी बारीकियां सीखी।

भ्रमण के दौरान उद्योग के संचालक निलेश सोनी ने विद्यार्थियों को मसाला निर्माण की औद्योगिक प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मसालों के निर्माण में कच्चे माल के चयन, उसकी गुणवत्ता जांच, स्वच्छता मानकों का पालन तथा आधुनिक मशीनों के माध्यम से पिसाई और मिश्रण की प्रक्रिया किस प्रकार की जाती है। साथ ही बाजार की मांग के अनुसार सुरक्षित पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन की रणनीति पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक अर्चना भट्ट विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मेंटर्स रूपदेव सिंह सिसौदिया, संदीप शर्मा, रघुवीर सिंह राठौर एवं अनिल सुमन ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें स्वरोजगार के प्रति प्रेरित किया। उद्योग संचालक नागेश्वर सोनी एवं नितिन सोनी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और स्थानीय स्तर पर उद्योग स्थापित करने की संभावनाओं से अवगत कराया। ब्लॉक समन्वयक अर्चना भट्ट ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है तथा उन्हें स्थानीय उद्योगों और स्वरोजगार के अवसरों की वास्तविक जानकारी मिलती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने उद्योग संचालन की प्रक्रिया को लेकर जिज्ञासाएं भी रखीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

चयनित पर्यवेक्षकों को राहत महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने जॉइनिंग तिथि बढ़ाने के दिए निर्देश

मंदसौर। महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2024 में चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग प्रक्रिया में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने ज्वाइनिंग की अंतिम तिथि बढ़ाने एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में व्यावहारिक लचीलापन देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा चयनित पर्यवेक्षकों को 23 फरवरी 2026 तक ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए थे। आदेशानुसार ज्वाइनिंग से पूर्व मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया था। किंतु विभिन्न जिलों से अभ्यर्थियों द्वारा अवगत कराया गया कि मेडिकल बोर्ड सप्ताह में केवल एक दिन संचालित होता है, जिससे निर्धारित समय-सीमा में प्रमाण-पत्र प्राप्त करना कठिन हो रहा है। इस कारण अनेक चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग में व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने अभ्यर्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए हैं कि चयनित पर्यवेक्षकों की ज्वाइनिंग की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 तक बढ़ाई जाए। साथ ही, यदि कोई चयनित अभ्यर्थी ज्वाइनिंग से पूर्व मेडिकल बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो मध्यप्रदेश शासन के मूलभूत नियम 10 (ए) के प्रावधानों के अनुरूप ज्वाइनिंग के एक माह के भीतर स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की जाए।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य चयनित अभ्यर्थियों को अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं से मुक्त कर पारदर्शी एवं संवेदनशील व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी जिलों में इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश तत्काल जारी किए जाएं, जिससे किसी भी पात्र अभ्यर्थी को तकनीकी कारणों से वंचित न होना पड़े।

वात्सल्य धाम में सर्वाइकल व स्पाइन थेरेपी चेयर व थेरेपी रूम का उद्घाटन

रोटरी क्लब की सेवाएं अनुकरणीय - सिसौदिया

मंदसौर। रोटरी क्लब सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है । निस्वार्थ भाव, करुणा और मानवीय जवाबदारी के महत्व को रेखांकित करता है, जो समाज को एकता के सूत्र में पिरोता है। सेवा का अर्थ केवल धन देना नहीं, बल्कि समय, कौशल और संवेदना के साथ जरूरतमंदों की मदद करना है। यह न केवल समाज को बेहतर बनाता है, बल्कि स्वयं के आत्मिक विकास और मानसिक संतुष्टि का भी कारण बनता है।

यह बात मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रकाश सिसोदिया ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वात्सल्यधाम (वृद्धाश्रम) में वृद्धजनों की सुविधा हेतु सर्वाइकल व स्पाइन थेरेपी चेयर एवं थेरेपी रूम के उद्घाटन के अवसर पर कही।

रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी व सचिव कपिल भंडारी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन श्री प्रीतेश चावला ने कहा कि रोटरी क्लब की सेवाएं अनुकरणीय है और स्पाइन थेरेपी एवं थेरेपी रूम की यह उत्कृष्ट सौगात निश्चित रूप से वात्सल्य धाम में रहने वाले सभी वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर वात्सल्य धाम परिवार एवं रोटरी परिवार द्वारा रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं सचिव कपिल भंडारी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित की गई। अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मंदसौर में रोटरी क्लब ने सेवा के क्षेत्र में अलग ही पहचान बनाई है। रोटरी क्लब के सभी सदस्य टीम वर्क के रूप में काम करते है और इस कारण उनके सेवाभाव के परिणाम भी उत्कृष्ट आते हैं।कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंघवी, डॉ.कमलेश कुमावत, सुरेंद्र जैन योग गुरु, समाजसेवी संजय मुरडिया व विजय शर्मा (पोपट) भी मंचासिन थे।

इस अवसर पर रोटरी क्लब परिवार द्वारा वात्सल्य धाम की प्रबंधक प्रियंका राजौरा व सह प्रबंधक कृष्णा बैरागी का बहुमान भी किया गया। कार्यक्रम में रोटरी सदस्य संजय जैन, मोहन माहेश्वरी, पिंकेश चेलावत, प्रेमेंद्र चोरड़िया, अजय नागौरी, शैलेन्द्र भंडारी, अरिहंत भंडारी, दिलीप गर्ग, आयुष सोनी, रोहित सेवानी, अंकित शुक्ला, मनोज सांखला, मुफद्दल भाई सहित वात्सल्य धाम के सदस्य भी उपस्थित थे। आभार रोटरी क्लब सचिव कपिल भंडारी ने माना व संचालन रोटरी क्लब मंदसौर के पूर्व अध्यक्ष कनक पंचोली ने किया।

एक नजर | **नये नवाचार की ओर बढ़ते कदम**

चौपाल महोत्सव में किसान संगोष्ठी आर्गेनिक खेती जागरूक होकर करें

नयाखेडा/मंदसौर। चौपाल महोत्सव मे एरिया मेनेजर पवन धाडसे, रिटेल हेड निखिल शर्मा, अमित कुमार भारद्वाज व अमित कांत शुक्ल की गरिमामय उपस्थित मे आयोजन की शुरुआत हुई। चौपाल महोत्सव का तीन दिवसीय शुभारंभ के साथ प्रथम दिवस व दुसरे दिन के सभी कार्यक्रम आयोजित हुए। चौपाल महोत्सव जानकारी, मनोरंजन और किसान सम्मान का महापर्व। प्राकृतिक जैविक खेती पर ध्यान देना चाहिए धीरे-धीरे रासायनिक से दूर होकर स्वास्थ्य सुधार का विशेष ध्यान रखा जाए। किसान को नई तकनीक की जानकारी मिले व नवाचार-आधारित खेती पर हमसब जागरूक बने। आईटीसी चौपाल सागर मंदसौर मे चौपाल महोत्सव मे वैकल्पिक आजीविका/आत्मरक्षा सत्र के साथ स्पिन द व्हील प्रतियोगिता बच्चों के लिए और महिलाओं के लिये 'My Yippee! MomentÓ थीम पर रील बनाने की प्रतियोगिता, विशेषज्ञों द्वारा करियर परामर्श व जेमिनी द्वारा एआई इमेज और वीडियो बनाने की प्रतियोगिता, खेल, सांस्कृतिक संध्या (गायन/नृत्य) का आयोजन हुआ। आज तीसरे दिन परिवार महोत्सव आपको सादर आमंत्रित किया जाता है आईटीसीमार्स चौपाल महोत्सव में आपकी उपस्थिति इस महोत्सव की शोभा बढ़ाएगी।बच्चों के लिए 'मेरा खेत, मेरी शान पर चित्रकला

प्रतियोगिता और महिलाओ के लिए रंगोली, सलाद और केक बनाने की प्रतियोगिता व बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, बोरी दौड़ और अंत मे फाइनलिस्ट द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जायेगा। आर्गेनिक खेती पर हमे जागरूक होने की जरूरत है जिससे बीमारी से दुर होकर हमसब भी स्वस्थ रहेगे व परिवार भी स्वस्थ रहेगा । आईटीसी कम्पनी किसानो को जागरूक कर नये नवाचार कराकर व जैविक खेती की ओर हमसब को ले जा रही है। किसान सबसे पहले मिट्टी परीक्षण पर ध्यान केन्द्रित करे। आईटीसी कम्पनी भारत की नामचीन कम्पनी मे से एक है 1910 मे स्थापना हुई आज आईटीसी विभिन्न क्षेत्र मे कार्यरत है जैसे रोजमर्रा के जीवन का सामान भी उपलब्ध करा रही है। किसान को कृषि सम्बंधित सभी जानकारी उपलब्ध कराकर उपज खरीदी भी करती है।आईटीसी एग्री बिजनेस लिमिटेड का माडल लेकर किसानो के बीच आई थी।आईटीसीमार्स का एप है इसके द्वारा सभी प्रकार की जानकारी किसानो का मिल रही है तथा किसान संस्था व किसानो से जुड़ा जा सकता है । आईटीसी किसानो के साथ किसानो के बीच रहकर किसानो के साथ जुड़कर 25 -26साल से यह कार्यक्रम करती आ रही है। सभी का आभार अमित कांत शुक्ल ने माना।